**अनदेखी** | 40 वर्षों से काबिज व्यापारियों को दुकानों से निकाले दलाल,माफिया सक्रिय

# अधिकारियों के आश्वासन के बाद भी नहीं रुका शाह सदन तोड़ने का काम

**व्यापारियों को डरा धमकाकर दुकानें खाली करने किया जा रहा मजबूर**



**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना,18 जनवरी,**सत्ता तथा धन बल के नशे में चूर नेताओं द्वारा भ्रष्ट अधिकारियों से सांठगांठ कर शासकीय भूमि पर कब्जा करने के साथ ही यहां वर्षों से जमे दुकानदारों को बेदखल करने डराया धमकाया जा रहा है,पीड़ित व्यापारियों द्वारा विभागीय अधिकारियों से की जा रहीं शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होने से यह व्यापारी अपनी जान माल की सुरक्षा को लेकर भयभीत है।

गौरतलब हो कि वर्षों पूर्व पांढुरना नगर में लोगों को बसाने के लिए शासन द्वारा जरूरतमंद लोगों को रहने शासकीय भूमि आवंटित की गई थी,वहां पर रहने के साथ ही इन लोगों ने जीवन यापन के लिए अपना व्यवसाय शुरू कर दिया,इसी जगह के कुछ इसें में कुछ जगह अन्य किरायदारों को दे दी गई। जिससे इन दुकानदारों द्वारा भी छोटा मोटा व्यवसाय कर अपना तथा अपने परिजनों का जीवन निर्वाह करने लगे ।

लेकिन अब जब पांढुरना नगर जिला बना तो यहां के जमीनों के दामों के आसमान छूते भाव को देख भू माफियाओं की गिध्द दृष्टि निजी के साथ ही नगर मुख्यालय की बेशकीमती शासकीय भूमि पर पड़ने लगी और इन्होंने अधिकारियों से सांठगांठ कर नियम विरुद्ध इस शासकीय भूमि की भी खरीद फरोख्त कर यहां पर शापिंग काम्प्लेक्स बनाकर लाखों रुपयों में दुकाने बेचने लगे है ।

कुछ ऐसा ही मामला नगर के पुलिस थाने के सामने स्थित शाह सदन भवन में इन दिनों दिखाई दे रहा है,शासन द्वारा इस भूखंड को शाह परिवार को रहने के लिए वर्षों पूर्व लीज पर दिया गया था,उन्हें यह भूमि लीज पर आवंटित की गई इनमें से कई तो परलोक सिधार गए तो कई इस शहर को ही अलविदा कह अन्य महानगरों में जाकर बस गए,लेकिन इसके वंशजों द्वारा इस शासकीय भूमि को अपनी पुश्तैनी भूमि मानकर अन्य लोगों को करोड़ों में बेचने के साथ इसी धन राशि से नगर के अन्य क्षेत्र में आलीशान बंगले बना रहे है ।वहीं इसी शाह सदन में बीते 40 वर्षों से व्यवसाय करने वालों को अब इन लोगों द्वारा डरा धमकाकर इनकी दुकानों से बेदखल कर इस शाह सदन को गिराने के साथ ही इस पर आलीशान शापिंग काम्पलेक्स बनाने आमादा दिखाई दे रहे है। पीड़ित दुकानदारों द्वारा न्याय प्राप्ती हेतू विभागीय अधिकारियों के साथ ही अपनी जान माल की सुरक्षा को लेकर पुलिस के आला अधिकारियों को भी हस्ताक्षयुक्त शिकायत की है ।

हालां कि विभागीय अधिकारियों द्वारा इन पीड़ित व्यापारियों को इनकी सहमति के बगैर इनकी दुकानों से बेदखल नहीं किए जाने का आश्वासन दिया है,लेकिन इसके बावजूद इस शाह सदन को तोड़ने का काम बदसूरत जारी है। जिसे देख यह व्यापारी सहमे हुए है।

# लिटिल स्टेप स्कूल बोरगांव में आईपीएल खिलाड़ी मंगेश यादव का भव्य स्वागत



**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 18 जनवरी.** आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर टीम द्वारा चयनित होकर जिले का नाम रोशन करने वाले होनहार क्रिकेटर मंगेश यादव का लिटिल स्टेप स्कूल बोरगांव में जोरदार स्वागत किया गया। मंगेश यादव की प्रारंभिक शिक्षा इसी विद्यालय से हुई है, इसी भावनात्मक जुड़ाव के चलते उन्होंने अपने विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों से आत्मीय मुलाकात की तथा गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

विद्यालय परिसर में पहुंचते ही विद्यार्थियों एवं स्टाफ द्वारा तालियों की गूंज के साथ उनका अभिनंदन किया गया। संस्था संचालक अनिल खांबोरकर ने शाल एवं श्रीफल भेंट कर मंगेश यादव का सत्कार किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं दीं। इस अवसर पर मंगेश यादव ने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का महत्व समझाते हुए प्रेरणादायी मार्गदर्शन भी दिया। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य कैलाश धकाते , वरिष्ठ शिक्षक प्रभाकर बोबडे, विलास सालवटकर, देवेंद्र ठाकरे, संजय ढोक, मनोज बावरे, नंदकिशोर चव्हाण सहित विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा।

# आनंद फायटर की जोड़ी को मिला पट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार

**खैरीतायगांव में आयोजित तीन दिवसीय पट मेला पुरस्कार वितरण से सम्पन्न**

**सौसर।** औद्योगिक क्षेत्र के पट मेला ग्रांउड खैरीतायगांव में आयोजित तीन दिवसीय भव्य षंकर पट मेले का पुरस्कार वितरण के साथ में समापन हुआ। अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड, विधायक विजय रेवनाथ चौरे, जिला पंचायत सदस्य निलीमा पाटील, रेमण्ड वूलन मिल्स के कार्यकारी निदेषक जितेन्द्र षर्मा, मंडल अध्यक्ष प्रभाकर बोबडे, उद्यमी मोहन ताजने, सरपंच चंद्रषेखर कहाते, पारडसिंगा सरपंच भोजराज धोतके अरूण काकडे, माधव ठाकरे मंचासीन थे। अवसर पर बोलते हुये पूर्व मंत्री श्री मोहोड ने कहा कि, समाज की प्रगति उन लोगों के प्रयासों से होती है जो निस्वार्थ भाव से जनसेवा में जुटे रहते है। पट पुरस्कार ऐसही कर्मठ व्यक्तियों को पहचान दिलाने का माध्यम है। इससे नई पीढी को प्रेरणा मिलती है कि, वे भी समाजहित में आगे आये। प्रतिभा और सेवा का सम्मान करना हमारी परंपरा रही है। पट पुरस्कार उन लोगों के संघर्ष, परिश्रम और समर्पण का सार्वजनिक सम्मान है जिन्होने समाज के लिये उल्लेखनीय कार्य किये है। इसके पष्चात अतिथि हस्तें प्रथम पुरस्कार मोटर सायकल मालेगांव महाराष्ट्र के किसान अभिजीत राठौड की आनंद एवं फायटर की जोडी को दिया गया। द्वितीय इकतालीष हजार सौसर के धनराज चौधरी की भैरव एवं राजा की जोडी, तृतीय रोषन वाघमारे तीनखेडा, चतुर्थ नितीन कामडी लोधीखेडा, पंचम धनराज वसू तेलकामठी, षष्टम ददू महाजन माहुली, सातवा नितीन चाफेकर खैरीतायगांव आदि-आदि पुरस्कार वितरीत किये गये। सफलतार्थ षंकर पट मेला कमेटी के अध्यक्ष अमानउल्ला खान, रमेष साखरे, बाबा बागडे, धनराज नारनवरे, लक्ष्मीदास बोरकर, मारोती अंबोरे, नामदेव भुजबल, सुनिल पिंजारे, आनंद दुफारे, भीमराव करांगले, अषोक कहाते, झामराज दुधकवडे, किसना गायकवाड, हर्षल पिंगले, नीतिन चापेकर ने प्रयास किया।

# मोमेंटम पांढुर्णा के 'उड़ान 2 .0' में जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ का प्रेरक संबोधन



**नवभारत न्यूज**
**पांढुर्णा 18 जनवरी,** पांढुर्णा में मोमेंटम पांढुर्णा द्वारा आयोजित वार्षिक प्रेरणात्मक कार्यक्रम उड़ान 2.0 का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष विद्यार्थियों और युवा अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन एवं प्रेरणा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता करते हुए युवाओं को सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन और निरंतर परिश्रम का महत्व समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और प्रशासनिक व अन्य प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने का आह्वान किया। उप कलेक्टर सुश्री प्रेक्षा पाठक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने तैयारी काल के अनुभव साझा कर युवाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम का एक अन्य प्रमुख आकर्षण प्रेरक वक्ता श्री तंजीत छाबड़ा का सत्र रहा, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को सही दिशा और सकारात्मक सोच के साथ निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया। इस अवसर पर हेमंत शेल्के, डॉ. श्रीकांत शरम एवं लहू सारोदे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मोमेंटम पांढुर्णा की ओर से डॉ. निधि उपगड़े ने भविष्य की शैक्षणिक योजना प्रस्तुत की, जबकि श्री प्रतीक सारोदे ने संस्था की दृष्टि एवं मिशन साझा किया। कार्यक्रम में मोमेंटम ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री प्रमोद पासरे की गरिमामयी उपस्थिति भी रही।

प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला उड़ान कार्यक्रम पांढुर्णा के विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शन, प्रेरणा और सही दिशा प्रदान करने का एक सशक्त मंच बन चुका है।

# डॉ योगेश पाल सिंग IDA स्टेट वाईस प्रेसीडेंट मनोनीत




**छिंदवाड़ा,** इंदौर में आयोजित IDA कांफ्रेंस में डॉ योगेश पाल सिंग को मध्यप्रदेश स्टेट का वाईस प्रसिडेंट मनोनीत किया गया और उनको उत्कृष्ट डेंटल अवेर्नेस के लिए सम्मानित किया गया.

## अवैध खनिज परिवहन पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई, डंपर जब्त

**पांढुर्णा 18 जनवरी,** कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशानुसार जिला पांढुर्णा अंतर्गत खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण की रोकथाम के लिए खनिज विभाग के दल द्वारा 17 जनवरी को तहसील अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। क्षेत्र निरीक्षण के दौरान पांढुर्णा तहसील अंतर्गत लवहानाकलमगांव मार्ग पर खनिज गिट्टी/डस्ट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए एक डंपर क्रमांक MP40DH2463 पाया गया। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन को मय खनिज खनि नियमाधीन प्रावधानों के अंतर्गत शासकीय रूप से जप्त किया गया। उक्त डंपर को पुलिस थाना पांढुर्णा परिसर में शासकीय अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है। वाहन द्वारा खनि नियमाधीन प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए खनिज का अवैध परिवहन किए जाने पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है तथा जुर्माना राशि अधिरोपित किए जाने के लिए प्रकरण के निर्णयन के लिए कलेक्टर न्यायालय पांढुर्णा के समक्ष प्रेषित किए जाने की कार्यवाही की जाएगी। इस कार्रवाई के दौरान सहायक खनि अधिकारी महेश नगपुरे एवं खनिज विभाग का संयुक्त अमला उपस्थित रहा।

## अवैध खनिज परिवहन पर खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई, तीन वाहन जब्त

**पांढुर्णा, 18 जनवरी,** कलेक्टर जिला पांढुर्णा नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशानुसार जिला पांढुर्णा अंतर्गत खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण की रोकथाम के लिए खनिज विभाग के दल द्वारा18 जनवरी को तहसील अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। क्षेत्र निरीक्षण के दौरान पांढुर्णा तहसील अंतर्गत अलग-अलग कार्रवाई में पांढुर्णा बनगांव मार्ग पर खनिज गिट्टी/डस्ट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए एक डंपर क्रमांक MP38H0220, पांढुर्णा मोरडोंगरी मार्ग पर खनिज रेत का अवैध रूप से परिवहन करते हुए एक बिना नंबर ट्रैक्टर-ट्राली तथा पांढुर्णा ड्राईटैक मार्ग पर खनिज मुरूम का अवैध रूप से परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्राली कुल तीन वाहन पाए गए। खनिज नियमाधीन प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए तीनों वाहनों को मय खनिज शासकीय रूप से जप्त किया गया। उक्त डंपर एवं ट्रैक्टर-ट्रालियों को पुलिस थाना पांढुर्णा परिसर में शासकीय अभिरक्षा में खड़ा किया गया है ।खनिज नियमाधीन प्रावधानों का उल्लंघन कर खनिज का अवैध परिवहन किए जाने पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है तथा जुर्माना राशि अधिरोपित किए जाने के लिए प्रकरण के निर्णयन के लिए कलेक्टर न्यायालय पांढुर्णा के समक्ष प्रेषित किए जाने की कार्यवाही की जाएगी। इस कार्रवाई के दौरान सहायक खनि अधिकारी महेश नगपुरे सहित खनिज विभाग का संयुक्त अमला उपस्थित रहा।

# प्रज्ञापीठ पंढराखेड़ी में वार्षिकोत्सव स्थापना दिवस पूर्णाहुति संपन्न




**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 18 जनवरी.** गायत्री प्रज्ञापीठ पंढराखेड़ी में वार्षिकोत्सव स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा से प्रारंभ हुआ द्वितीय दिवस में दिन भर अखंड जप एवं संध्या में दीपयज्ञ संपन्न हुआ जिसमें जिसमे अखंड दीप जन्म शताब्दी वर्ष के विविध आयोजनों के जानकारी के साथ यज्ञाचार्य मनोहर पवार ने सनातनियों का वैदिक गायत्री मंत्र और उसके अद्वितीय लाभ, प पूज्य गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य के मार्मिक प्रसंगों को सुनाया साथ ही साहित्य और अखंड ज्योति पत्रिका जो गुरुदेव द्वारा लिखित है इसके पढ़ने और पढ़ाने से आत्मबल और वैचारिक क्षमता को बढ़ता है, ऐसी प्रेरक उद्बोधन से अभिप्रेरणा दी। प्रज्ञापीठ व्यवस्थापक अनिल गोरे ने बताया कि प्रज्ञा पीठ में भविष्य में छोटे छोटे साधना सत्र भी चलेंगे। जिसकी आवश्यक व्यवस्था प्रज्ञा पीठ से जुड़े परिजन तन मन धन से जुटे है। साथ ही महिला स्वावलंबन कक्ष पूर्णता की ओर है भविष्य में दानदाताओं की उपस्थिति में लोकार्पण होगा। ज्ञात हो कि वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं प्रज्ञापीठ के फाउंडर मेंबर किशोर किनकर, कन्या किशोर कौशल अभिवर्धन अभियान कार्यवाहक उपजोन छिंदवाड़ा नरेंद्र हिंगवे उपजोंन साधना प्रभारी छिंदवाड़ा, चित्रसेन रबड़े साह. प्रबंध ट्रस्टी गायत्री शक्तिपीठ सौसर, स्वरूप पराड़कर संयोजक युवा प्रकोष्ठ जिला पांढुरना, नारायण पाठे(पूर्व व्यवस्थापक) अनिल पराड़कर, रामेश्वर देशमुख का सतत मार्गदर्शन प्राप्त होता रहता है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में दिलीप गोरे,सुभाष देशमुख, खामराज पराड़कर, दिलीप पराड़कर सजल,भास्कर, प्रीतम, विनोद, विलास, रूपेश, रेखाबाई पराड़कर, रंजना किनकर, राधिका बाई,एवम समस्त ग्रामवासियों का सहयोग रहा।



# इंटर स्कूल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का चतुर्थ वर्ष पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 18 जनवरी.**बोरगांव कें भगवती सेलीबेशन हॉल में इंटर स्कूल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता (प्राइवेट स्कूल) - 2025 का भव्य पुरस्कार वितरण समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला अशासकीय शाला संघ, छिंदवाड़ा के अध्यक्ष आंतनुदास गुप्ता, सचिव मनीष तिवारी, अतिथि उमाजी चिपड़े पूर्व प्राचार्य बोरगाँव, चित्रसेन रबड़े संचालक संस्कार पब्लिक स्कूल,सौसर , चैनसा यादव बी. आर. सी, सौसर, शेषराव बीरे विशेष अतिथि में विजय शाह, छिंदवाड़ा, गौरव पराडकर, सौसर भी उपस्थित रहें। सभी अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा का पूजन, माल्यार्पण कर बच्चों को खेल के बारे मे महत्पूर्ण जानकारी देते हुए सभी खेलों में भाग लेने वाले 450 विजेता एवं उपविजेता छात्रों को बधाई देते हुए पुरस्कार वितरित किए ! इस खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने , कबड्डी, खो- खो , क्रिकेट, कुर्सी दौड सहित अन्य खेलों में विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल संचालक प्राचार्य नीलेश ठाकरे, हर्षल काले, धीरज घूगल, अंकित ब्रम्हे, भारत रंगारे, अनंत फंसाटे, रवि कोठेकर तथा सभी स्कूलों से पधारे संचालक, प्राचार्य उपस्थित थे।

## बेटियो को बचाने के लिए किया जागरूक

**छिंदवाड़ा ।** समाज मे आज भी बेटी की अपेक्षा बैटा की प्राथमिकता पर बल दिया जा रहा हे परिवार मे बेटी का जन्म ना हो इस हेतू प्रसव केंद्रों मे अल्ट्रा सोनो ग्राफी मशीन के माध्यम से गर्भ मे लिंग निर्धारित की सहज उपलब्धता इस समस्या को ओर भी बढ़ावा दिया हे ।गर्भवती महिला के भ्रूण की जांच के दोरान बेटी के होने पर भ्रूणहत्या कर जघन्य अपराध कर रहे हे । बेटी का जीवन मे कितना महत्व हे इस विषय की जानकारी देने , बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश कुमार शिवहरे के निर्देशन एवं परियोजना अधिकारी श्याम सिंह ठाकुर, प्राचार्य शीलचंद डेहरिया के मार्ग दर्शन मे जागरूकता कार्यक्रम छिंदवाड़ा विकास खंड के ग्राम मेघासिवनी हाई स्कूल मे किया गया ।इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर श्यामल राव ने छात्रो को सम्बोधित करते हुए बताया की इस हब के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्वेश्य से महिलाओं के साथ हो रही घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं, शासन से मिलने वाली योजनाओं , सुविधाओं, ओर सरकारी मदद के बारे मे जानकारी देकर सहायता करना, एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है ।

# विकासखंड स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश कार्यक्रम संपन्न



**नवभारत न्यूज**
**पांढुर्णा 18 जनवरी,** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड सौसर, जिला छिंदवाड़ा के तत्वावधान में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश (ग्राम विकास पखवाड़ा) कार्यक्रम का विकासखंड स्तरीय आयोजन 18 जनवरी को सौसर, पांढुर्णा में संपन्न हुआ। यह ग्राम विकास पखवाड़ा दिनांक 12 से 26 जनवरी 2026 तक आयोजित किया जा रहा है।

विकासखंड स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान का शुभारंभ संदीप मोहोड, मुख्य अतिथि मोरेश्वर मर्सकोले, चंद्रशेखर अंबेडकर तथा विकासखंड समन्वयक अनिल बोबडे द्वारा स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि संदीप मोहोड ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कौशल विकास के विभिन्न पहलुओं पर मूल्यवान उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि योग, ध्यान, स्वास्थ्य, जाति, धर्म, भाषा एवं रीति-रिवाजों में सामाजिक समरसता का भाव लाना आवश्यक है। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण, गांवों में कुओं की साफ-सफाई, गांव में ही दूध, घी, गुड़ एवं अन्य पौष्टिक आहार की व्यवस्था तथा स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग की परंपरा को पुनर्जीवित करने पर उन्होंने जोर दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व में होली जैसे पर्वों पर फाग-ढोलक का प्रयोग होता था, किंतु गांवों की परंपरागत व्यवस्थाएं धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही हैं। सरकार की सभी योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा युवाओं का भविष्य सुरक्षित करना आवश्यक है।

विकासखंड समन्वयक अनिल बोबडे ने ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि जन अभियान परिषद के नेटवर्क के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के सभी लोगों तक पहुंचाया जाएगा तथा इस अभियान के अंतर्गत समस्त योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर हितग्राहियों को लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने नवांकुर संस्थाओं की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए आदर्श ग्राम, बाल संस्कार केंद्र एवं ग्राम स्तर पर स्वरोजगार की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में नवांकुर संस्था से राजेंद्र भक्ते, सुखदेव पाटिल, गोपाल कोठे, मोरेश्वर मर्सकोले सहित परामर्शदाता दिनेश सोमकुंवर, सुभाष ठाकरे, सुनील डोंगरे, श्रीमती शारदा निकम, अखिलेश परिहार, योगेश सोमकुंवर सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के सामाजिक गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में परामर्शदाता दिनेश सोमकुंवर द्वारा मंचासीन अतिथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# रोटरी क्लब पांढुर्णा द्वारा हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन



**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना, 18जनवरी,** रोटरी क्लब पांढुर्णा द्वारा परंपरागत भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सौहार्द, सामाजिक समरसता एवं महिलाओं के सम्मान को समर्पित रहा।

कार्यक्रम में नगर की अनेक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हल्दी-कुमकुम के साथ पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन किया गया तथा महिलाओं को उपहार भी भेंट किए गए। कार्यक्रम का वातावरण हर्षोल्लास एवं अपनत्व से परिपूर्ण रहा।

इस अवसर पर रोटरी क्लब के पदाधिकारि रोटेरियन सुनीता धुंडे ने कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक जुड़ाव बढ़ता है और भारतीय संस्कृति की परंपराएं जीवित रहती हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती सोनम रघुवंशी मैडम,ज्योति तायवाडे मैडम, खर्राटे मैडम, केदार मैडम, चरपे मैडम, नासरे मैडम, सोनाली ठाकुर मैडम, कंचन इशूपुनियानी मैडम, सेंगर मैडम, कोल्हे मैडम, प्रमुख रूप से उपस्थित रह।